भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3843**
06 अप्रैल, 2022 को उत्तरार्थ

**विषय:- सहकारी आंदोलन को मजबूत किया जाना**

3843. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार विशेषत: डेयरी और चीनी क्षेत्र में सहकारी आंदोलन को बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए राज्यों विशेष रूप से आंध्र प्रदेश की किस प्रकार सहायता कर रही है; और
(ख) सरकार उन राज्यों को क्या-क्या प्रोत्साहन प्रदान कर रही है/प्रदान करने पर विचार कर रही हैं जो कृषि समुदाय विशेष रूप से डेयरी क्षेत्र की सहायता करने पर जोर दे रहे हैं?

**उत्तर**
सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) सहकारिता मंत्रालय कृषि सहकारिता संबंधी केंद्रीय क्षेत्रक एकीकृत कृषिक सहकारिता योजना (सी.एस.आई.एस.ए.सी.) कार्यान्वित कर रहा है जिसमें आंध्र प्रदेश सहित पूरे देश में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के माध्यम से डेयरी और चीनी क्षेत्र सहित सहकारी क्षेत्र के विकास के लिए राजसहायता के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

(ख) सहकारिता मंत्रालय कृषि सहकारिता संबंधी केंद्रीय क्षेत्रक एकीकृत कृषिक सहकारिता योजना (सी.एस.आई.ए.स.एसी) कार्यान्वित कर रहा है और कृषि और डेयरी क्षेत्र सहित राज्यों को राजसहायता के रूप में सहकारी क्षेत्र के विकास के लिए प्रोत्साहन प्रदान कर रहा है।

इस योजना के अंतर्गत सामान्य रूप से राज्यों को दी जाने वाली और विशेष रूप से डेयरी विकास के लिए वर्ष-वार राजसहायता का उल्लेख नीचे किया गया है-

| वर्ष | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 |
|---|---|---|---|
| दी गई राजसहायता (करोड़ में) | 114.50 | 129.50 | 311.39 |
| डेयरी क्षेत्र के विकास के लिए दी गई राजसहायता (करोड़ में) | 42.88 | 19.05 | 41.178 |

इसके अलावा, सहकारिता मंत्रालय वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का डिजिटलीकरण, सहकारी शिक्षा और प्रशिक्षण और एक अम्ब्रेला योजना - "सहकार से समृद्धि" नामक नई योजनाएं तैयार करने के लिए कदम उठा रहा है।

*****